Faculty of Education

Institute of Advanced Studies in Education

(Deemed to be University)

दिनांक – 13.12.2021

यौन उत्पीड़न पर वार्ता का आयोजन

उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान (मानित विश्वविद्यालय), गांधी विद्या मंदिर, सरदारशहर के शिक्षा संकाय में नवागंतुक प्रशिक्षणर्थियों का अभिमुखीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत ‘यौन उत्पीड़न विषय पर वार्ता का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता, डॉ. प्रभा पारीक, व्याख्याता, रा.उ.मा.वि. मेलूसर बीकान ने अपना उद्बोधन देते हुए बताया कि महिलाऐं व बालिकाऐं सजग व सतर्क रहकर अपना उत्पीड़न रोक सकती है। उन्होंने विभिन्न कानूनों व कमेटियों के बारे में बताया जो इस क्षेत्र में कार्य कर रही है। प्रत्येक संस्था में एक ऐसी समिति का गठन किया जाना अनिवार्य है जो किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर उस सम्बन्ध में उचित कार्यवाही कर निर्णय देती है। कार्यक्रम में एम.एड., बी.एड., डी.एल.एड., प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। संचालन डॉ. अल्पना शर्मा, सहायक आचार्य ने किया।